53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.0°c | अधिकतम 26.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:54, सूर्यास्त - 6:11 | वर्ष : 53/ अंक : 49 | बुधवार, 19 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जब ताकत बंधी हुई हो तो हुनर की कोई कीमत नहीं होती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया : खड़गे



आप अपनी पार्टी की अर्थव्यवस्था की बात कर रहे हैं क्या ?...

# सजा रह गया मण्डप, ब्यूटी पार्लर पर दुल्हन बनने गयी युवती की हार्टअटैक से मौत



**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गयी जब बुलंदशहर के अनूपशहर की रहने वाली 27 वर्षीय संगीता उर्फ सुशुम्ना खुशी-खुशी अपने विवाह के लिए ब्यूटी पार्लर पर तैयार होने के लिए गयी थी। लगभग सायं 3 से 4 बजे के बीच युवती तैयार होने के लिए एक ब्यूटी पार्लर पर गयी तो वहां से सूचना आई कि सुशुम्ना को हार्ट अटैक आ गया है। आनन-फानन में परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और तुरन्त सुशुम्ना को डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे जवाब दे दिया और मेरठ के लिए रैफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। आपको बता दें कि पेशे से खुद डॉक्टर सुशुम्ना का रिश्ता शांतिनगर के रहने वाले होम्योपैथिक डॉक्टर भारत भूषण के पुत्र विजय भूषण के साथ तय हुआ था। लड़की पक्ष से बातचीत तय करके उन्हें विवाह के लिए मुजफ्फरनगर ही बुलाया गया, जहां एक होटल में उनके रहने की सारी व्यवस्थाएं की गयी थी। हादसे के बाद दोनों परिवारों में हा-हाकार मच गया, क्योंकि शादी की सारी तैयारी पूरी हो चुकी थी, आज ही भोपा रोड स्थित नाथ फार्म्स में रात्रि में विवाह सम्पन्न होने जा रहा था। बताया गया है कि सुशुम्ना के परिजन शव को अनूपशहर ही ले गए थे।

## सजा का सजा रह गया मण्डप

**मुजफ्फरनगर।** नाथ फार्म में दावत की तैयारियों के साथ पूरा मण्डप वास्तव में दुल्हन की तरह ही सजा हुआ था। मण्डप के लाल रंग में फूलों की खूबसूरत डैकोरेशन इस तरह के मातम में बदल जाएगी यह किसी ने सोचा तक न था। उक्त घटना घटित होने के बाद सबकुछ धरा का धरा रह गया। फार्म्स हाउस में दावत की तैयारी कर रहे हलवाईयों और डैकारेशन वालों के हाथ उस समय वहीं के वहीं रुक गए, जब उन्होंने उक्त हादसे की सूचना सुनी। पहले तो न ही परिवार को और न ही शादी की तैयारी करने वाले लोगों को इस बात का यकीन आया कि जहां शादी में सिर्फ 6 घंटे शेष रह गए हों, दुल्हन व परिवार के साथ ऐसा अन्याय कैसे हो सकता है। समाचार लिखे जाने तक घर से लेकर शादी के मंडप तक मातम छाया हुआ था।









## महिला संगीत के दौरान भी हुआ था सीने में दर्द

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** परिवार के ईद-गिर्द के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि शादी से एक दिन पहले विभिन्न रस्मों हल्दी, मेहंदी व महिला संगीत के दौरान भी शुष्नुमा को सीने में दर्द की शिकायत हुई थी, मगर कुछ देर बाद वह ठीक हो गयी थी, इसलिए इस बात को नजरअंदाज कर दिया गया, लेकिन अगले ही दिन ऐसी घटना हो जाएगी यह किसी ने सोचा तक न था।

# दिल्ली-देहरादून हाइवे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी बारात की बस, 25 से अधिक बाराती घायल

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** मंगलवार की दोपहर बड़े हादसे में कई लोगों की जान बच गयी। दोपहर लगभग 1 बजे दिल्ली-देहरादून हाइवे पर उत्तराखण्ड के थाना लक्सर के गांव राईसी से अक्षय पुत्र गोपाल की बारात छपार थाना क्षेत्र के गांव दतियाना में आ रही थी, तभी उक्त बस बरला स्थित शिवा ढाबे के निकट पहुंची तो एक बाइक सवार दम्पती अचानक से बस के आगे आ गया। चालक ने उक्त दम्पति को बचाने के लिए बस जैसे ही डिवाइडर की ओर ली तो बस डिवाइडर पर चढ़ती हुई पूरी तरह से पलट गयी। बस पलटते ही बस में बैठे बारातियों महिलाओं व बच्चों व पुरुषों में चीख पुकार मच गयी और आते-जाते वाहन चालक सभी को बचाने में अपनी अपनी गाड़ियां रोककर जुट गए। तभी हाइवे पर जाम लग गया। पुलिस को दी गयी सूचना पर पुरकाजी व छपार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल घायलों को पुरकाजी सीएचसी भेजा गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया गया। बड़ी बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी की जान नहीं गयी। उक्त बस में सवार लगभग 25 लोग घायल बताए गए, जिसमें पांच लोगों सचिन पुत्र सहदेव, जसवीर पुत्र रामचन्द, गौरव पुत्र सहदेव, प्रिंस पुत्र ललित, अभिषेक पुत्र रामचन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला चिकित्सालय में उपचार दिलाया गया।





## वो बाराती जिनको हल्की चोट आई

मन्नु पुत्र शिव कुमार (25), गौरव पुत्र गोपाल (25) वर्ष, धर्मपाल पुत्र मंगत (65), नीरज पुत्र ललित (17), हरपाल पुत्र लाल (55), रणवीर पुत्र जय सिंह (44), शुभम पुत्र पप्पू (30), नितिन पुत्र कर्णपाल (30), पिंटू पुत्र महेंद्र (25), सौरभ पुत्र बालस्टिर (25), वीरेंद्र पुत्र सुखबीर (30), रामकिशन पुत्र पालटू (70), महिपाल पुत्र चुन्नू (65), सुशील पुत्र प्रेम सिंह (52), अशोक पुत्र रामसिंह (59), पुनीत पुत्र सहदेव (25), रविंद्र पुत्र विजेंद्र (25), चंद्रपाल पुत्र रानू (60), अतुल पुत्र सुरेंद्र (10), शुभम पुत्र बाबी (22), प्रियांशु पुत्र राधेश्याम (20), गोपाल पुत्र रामकुमार (60), हरीश पुत्र अजय (16), गौरव पुत्र बलजीत (18), दीपचंद पुत्र राम सिंह (50), रवि कुमार पुत्र शोभाराम (55), ओमप्रकाश पुत्र श्याम सिंह (50)





## मेरी वजह से तुम्हारी जिंदगी खराब थी, लोग अब संवार लो कहकर पत्नी हुई शिवचौक से गायब



**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** छपार क्षेत्र के रहने वाले अक्षय सैनी को बीवी को सिर्फ इतना कहना महंगा पड़ गया कि तेरी वजह से मेरी जिंदगी खराब हो गयी। घर गृहस्थी में कभी-कभी मियां पत्नी एक दूसरे को ताने दे ही देते हैं कि तुमसे शादी करके मेरी जिंदगी खराब हो गयी। ऐसा ही कुछ अक्षय सैनी ने अपनी पत्नी वर्षा को कह दिया होगा, मगर उसका इतना बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा, शायद से पता नहीं था। अक्षय सैनी मंगलवार को डॉक्टर को दिखाने के लिए मुजफ्फरनगर आया था। तभी उसकी पत्नी ने कोई मन्नत पूरी करने के लिए पति को कहा कि उसे शिव चौक पर भगवान शिव के सामने सवा किलो लड्डू का भोग लगाना है। साधारण ढंग से पत्नी और अपने ढाई माह के बेटे को शिवचौक पर ही खड़ा करके अक्षय लड्डू लेने के लिए चला गया। वापस आया, तो उसकी पत्नी वहां नहीं थी। उसने अपनी पत्नी वर्षा को फोन किया तो उसने कहा कि तुम ही तो रोज-रोज कहते थे कि मेरी वजह से तुम्हारी जिंदगी खराब हो गयी। लो मैं चली अब तुम्हारी जिंदगी तुम संवार लेना। फोन के बाद पति अक्षय ने मोटर साइकिल के द्वारा इधर-उधर खूब तलाश किया, मगर उसका कहीं पता नहीं चल पाया। उसने तुरन्त पुलिस को इसकी सूचना दी तो पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में पत्नी वर्षा मीनाक्षी चौक की ओर पैदल जाती दिखाई दी, मगर पुलिस के तलाशने पर भी हाथ पल्ले कुछ नहीं लगा, जिसके मोबाइल की अंतिम लोकेशन गाजियाबाद तलाश गयी।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में बीस साल की सजा, 25 हजार जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** 27 अक्टूबर 2017 के नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आरोपी उस्मान 20 साल की सजा व 25 हजार रुपये जर्माना व उसके सह अभियुक्त को 5 साल की सजा तथा 5 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। एडीजीसी प्रदीप बालियान व दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शामली जनपद के थानाभवन थाना क्षेत्र के एक मौहल्ले की रहने वाली 16 वर्षीय पीड़िता 27 अक्टूबर 2017 को सुबह के समय बाथरूम में गयी थी, जहां उसे थानाभवन के कस्बा जोगिया निवासी उस्मान ने नशीला पदार्थ सुंघा दिया था और उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर जबरदस्ती अपहरण कर ले गया था। अपहरण के समय उसका साथी सोनू भी साथ में मौजूद था। आरोप था कि उस्मान नाबालिग को एक स्थान पर ले गया, जहां उसने लगातार उसे नशा देकर उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पीड़िता को बरामद कर लिया था और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उक्त दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी। इस मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो कोर्ट की न्यायधीश मंजुला भालोटिया की कोर्ट में हुई, जहां दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी उस्मान को 20 साल की सजा व 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड तथा सह अभियुक्त सोनू को 5 साल की सजा व 5 हजार रुपये से दण्डित किया। कोर्ट ने दण्डित की गयी 30 हजार रुपये की धनराशि पीड़िता को देने के आदेश किये हैं।






# सिद्धबली पेपर मिल पर पड़ा राज्य जीएसटी विभाग का छापा

## पेपर मिल के कागजातों को लिया कब्जे में, मचा हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** स्टेट जीएसटी विभाग टीम के अधिकारियों ने मंगलवार को भोपा रोड स्थित सिद्धबली पेपर मिल में छापेमारी करते हुए वहां से आवश्यक दस्तावेज कब्जे में लिए हैं। टीम अधिकारियों ने पेपर मिल में जीएसटी चोरी को लेकर रातभर दस्तावेजों की जांच के साथ कम्प्यूटर की हार्डडिस्क एवं अन्य फाइलों को खंगाला। इस बीच पेपर मिल के अंदर और नगर के अन्य उद्यमियों में हड़कंप सा मचा रहा। जीएसटी विभाग की जांच के दौरान पेपर मिल के साझेदारों से भी पूछताछ की गई। मंगलवार को स्टेट जीएसटी की एसआइबी विंग के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर एसआईबी विवेक मिश्रा के नेतृत्व में एक जीएसटी टीम गठित की गई। उक्त विभागीय टीम ने मंगलवार दोपहर भोपा रोड स्थित सिद्धबली पेपर मिल पर पहुंच छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मिल में प्रवेश करते ही जीएसटी टीम ने पेपर मिल कार्यालय से सभी जरुरी दस्तावेजों और कम्प्यूटरों को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, पेपर मिल के अंदर कच्चे और पक्के माल की गणना शुरू कर दी गई। इस दौरान जीएसटी टीम को देखकर कुछ कर्मचारियों ने पेपर मिल के सभी साझेदारों को जीएसटी टीम के पहुंचने की इस बीच जानकारी दी। पेपर मिल में जीएसटी टीम के पहुंचने के बाद वहां पुलिस बल भी तैनात की गई। वहीं आसपास की फैक्ट्रियों व मिलों में भी अफरातफरी मच गई। जीएसटी के अधिकारियों के अनुसार सिद्धबली पेपर मिल का कनेक्शन बोगस फर्मों से भी मिलने की शिकायत थी। वहीं शुरूआत में कागजों को कब्जे में लिया गया है। ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने बताया कि मंगलवार की शाम को जीएसटी टीम की जांच शुरू हुई। पेपर मिल में रात भर जांच होगी। जांच के बाद ही टैक्स चोरी की पूर्ण जानकारी सामने आएगी।

# मुजफ्फरनगर के प्रशासनिक अधिकारियों की व्यवस्था से तंग बुजुर्ग महिला ने सुप्रीम कोर्ट से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)।** पता नहीं संजीव बालियान सही कहते हैं या गलत मगर आए दिन किसी न किसी अधिकारी पर कोई न कोई आरोप लगता दिखाई ही पड़ता है। अब यह आरोप कितना सही है, यह तो पीड़ित और अधिकारियों को ही पता होगा, मगर मीडिया के सामने अब लगातार अधिकारियों से तंग आने की खबरें साफ तौर पर निर्भीकता से पीड़ित बताने लगे हैं। मेरठ के मवाना, जिला मेरठ की रहने वाली इमरानी पत्नी जमील अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी एक जमीन तहसील जानसठ के ग्राम मुझेड़ा में बहन इरफानी के नाम पर है, जिसकी वह अकृषिक घोषित की बजरिये बैनामा मालिक व स्वामी है। उक्त जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा फोर लेन चौड़ीकरण में अधिगृहीत की गयी है। महिला इमरानी का कहना है कि लगातार अधिकारियों के चक्कर काट-काटकर वह थक चुकी है, मगर नियम और कानून की दुहाई देकर उसे व उसकी बहन को मुआवजा नहीं मिल पाया है। महिला ने खुलकर एक अधिकारी का नाम सार्वजनिक करते हुए अन्य कई आरोप भी लगाए, मगर यह आरोप कितने सच हैं, इनका जवाब उक्त प्रशासनिक अधिकारी ही दे पाएंगे। फिलहाल प्रशासनिक व्यवस्थाओं से तंग महिला ने सुप्रीम कोर्ट से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। उसका कहना है कि वह मानसिक रूप से तंग आ चुकी है और इसी मानसिक उत्पीड़न के चलते अब इस उम्र में वह इच्छा मृत्यु की मांग कर रही है। अब देखना यह होगा कि उक्त मामले में महिला को न्याय मिल पाता है अथवा नहीं।

## महिला मांग रही है विस्थापन का मुआवजा : एडीएम

**मुजफ्फरनगर।** उक्त मामले में एडीएम (फाइनेंस) गजेन्द्र कुमार सिंह का कहना है कि उक्त महिला यहां से जाकर मेरठ रहने लगी थी, उसके बाद वह यहां से विस्थापन का मुआवजा मांग रही है, जबकि विस्थापन का कोई मुआवजा नियमानुसार नहीं दिया जा सकता। भूमि अधिग्रहण का जो मुआवजा महिला की जमीन का बनता था, वह पहले से ही दिया जा चुका है। महिला अब अतिरिक्त मुआवजे के रूप में विस्थापन का मुआवजा मांग रही है और उन पर जो आरोप लगा रही है, जो पूरी तरह से निराधार हैं। जिन लोगों ने उनसे किसी भी प्रकार की कोई रकम मांगी है, यदि महिला उनके खिलाफ कोई भी साक्ष्य उपलब्ध कराती है तो मुआवजा देने के ऐवज में पैसे मांगने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या 55 करोड़ के पार

**महाकुंभनगर, 18 फरवरी(वार्ता)** तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ में अब तक 54.31 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में कुल 110 करोड़ सनातनी निवास करते हैं। इस लिहाज से महाकुम्भ में देश की आधे सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुका है। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 60 करोड़ से भी ज्यादा हो सकती है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है। गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों,श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। उन्होंने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 18 फरवरी (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 19 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं। 1630-शिवाजी का जन्म जुन्नेर में हुआ। 1674-ब्रिटिश फौजें डच युद्ध से हट गईं। 1719-मुगल शासक फर्रुख सियर की हत्या। 1807-तुर्की के साथ युद्ध में रूस को मदद देने ब्रिटिश सैनिक पहुँचे। 1891-अमृत बाजार पत्रिका का प्रकाशन दैनिक के रूप में हुआ। 1895-हिन्दी के जाने माने प्रकाशक मुंशी नवलकिशोर का निधन हुआ। 1915-गोपाल कृष्ण गोखले का निधन। 1942-द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई शहर डार्विन पर जापानी लड़ाकू विमानों के हमले में 243 लोग मारे गए। 1959-साइप्रस की स्वतंत्रता के बारे में यूनान, तुर्की और ब्रिटेन के बीच एक समझौता हुआ। 1963-सोवियत संघ क्यूबा से अपने काफी सैनिक हटाने के बारे में सहमत हुआ। 1978-प्रसिद्ध गायक पंकज मलिक का निधन हुआ। 1986-देश में पहली बार कम्प्यूटरी कृत रेलवे आरक्षण टिकट की शुरूआत हुयी। 1989-लेबनान में गृहयुद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से मुस्लिम और ईसाई नेता अरब लीग से बातचीत करने कुवैत गए। 1991-प्रदर्शनकारियों ने रोमानिया के राष्ट्रपति इयान इलूफ़ू के इस्तीफे की मांग की। 1993-हैतो के पास समुद्र में 1500 यात्रियों सहित एक जहाज डूबा। 1997-चीनी राजनीति के शिखर पुरुष देंग थ्याओं फिंग का निधन। 1999-डेनमार्क के वैज्ञानिक डॉक्टर लेन वेस्टरगार्ड ने वाशिंगटन में प्रकाश की गति धीमी करने में सफलता पाई। 2001-ब्राजील की जेलों में दंगे, 8 मरे, 7000 लोगों को कैदियों ने बंधक बनाया, तालिबान लादेन के प्रत्यर्पण को तैयार। 2000-तुवालू संयुक्त राष्ट्र का 189वां सदस्य बना। 2003-इंडोनेशिया की संसद ने जून 2004 में होने वाले आम चुनाव में हर पार्टी को 30 फीसदी टिकट महिला उम्मीदवार को देने संबंधी व्यवस्था दी। संयुक्त अरब अमीरात ने दाऊद के भाई इकबाल शेख व उसके सहयोगी एजाज पठान को भारत को सौंपा। 2004-कीटनाशकों और औद्योगिक रसायनों पर प्रतिबंध लगाने वाली स्टॉकहोम संधि का विश्व के 50 से ज्यादा देशों द्वारा अनुमोदन कर समर्थन किया गया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1340, रसकट ढैया 1250-1270, चाकू 1360-1511, लड्डू 1380-1432, खुरपापाड़ 1360-1370, शक्कर मसाला 1460-1470। आमद- 8000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 88100 | चांदी- | 97050 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 65750 |

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 19 फरवरी, 2025**

**मेष-** आभिलाषा की पूर्ति, पुराने विवाद का समापन, कर्ज के अदायगी का प्रयास सार्थक, वैवाहिक जीवन में सुख शांति, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय अधिक।
**वृषभ-** किसी योजना के कार्यान्वयन हेतु प्रयत्नशील, आत्म संयम से कार्यसिद्धि का प्रयास, उच्चाधिकारियों से लाभ, आपसी संबंधों में मधुरता, धार्मिक स्थलों की यात्रा।
**मिथुन-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, आहार-विहार में नवीनता, यात्रा भी, आवागमन।
**कर्क-** गुप्त चिंताएँ स्वास्थ्य पर प्रभावी, पूँजी का प्रतिफल न प्राप्त होने से अशांति, प्रियजनों से तनाव, वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका, धन हानि संभावना।
**सिंह-** बहुप्रतिक्षित कार्य के बनने से प्रसन्नता, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, धर्म के प्रति आस्था, परोपकार।
**कन्या-**व्यापारिक विस्तार में प्रयास, विचारों में जागरूकता, सामाजिक कृत्यों से समाज में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आश्वासनों से मानसिक राहत, मनोरंजन में रुचि।
**तुला-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम, महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता, शत्रु पराभूत, लाभ का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-स्वजनों से आपसी तालमेल, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।
**वृश्चिक-** आरोग्य सुख कमी, जिम्मेदारियों को निभाने में मुश्किलें, कार्य की अधिकता से तनाव, राजकीय पक्ष से असहयोग, संबंधों में कटुता, व्यर्थ भाग-दौड़।
**धनु-** विचाराधीन योजना कार्यरूप में परिणित, पारिवारिक सलाह से कामयाबी, उपहार एवं सम्मान का लाभ, नौकरी में पदोन्नति, वाहन सुख की प्राप्ति, यात्रा।
**मकर-** स्वास्थ्य में अनुकूल सुधार, परिवार में आपसी तनाव समाप्त, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का लाभ, दूर या समीप की यात्रा लाभदायक।
**कुम्भ-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, विरोधी परास्त, पूँजी का प्रतिफल आशानुकूल, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, धार्मिक कार्यों में रुचि।
**मीन-** प्रियजनों से मतभेद, वाद-विवाद की आशंका, पारस्परिक संबंधों में कटुता, क्रोध की अधिकता, निष्प्रयोजन व्यय, आरोग्य सुख में कमी, दुर्घटना की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

**खेलकूद का रोमांच...** मुख्य अतिथि बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने मशाल जलाकर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया कार्यक्रम का श्री गणेश

# स्काईलैंड स्कूल शाहपुर में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का भव्य उद्घाटन












## विधायक राजपाल बालियान, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी, चेयरमैन अकरम कुरैशी रहे कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि

**शाहपुर, 18 फरवरी (बु.)।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था स्काईलैंड स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अथिति प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य, पंजाबी समाज मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ ने मशाल प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों, आगंतुक अभिभावक, गणमान्य व्यक्तियों एवं अध्यापकगणों को संबोधित करते हुए अंकुर दुआ ने कहा कि कक्षा 9 से ग्रेजुएशन तक स्कूली बच्चे केवल अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि मोबाइल का सदुपयोग की बजाय दुरुपयोग ज्यादा हो रहा है। उन्होंने अभिभावकों को चेताया कि छोटे बच्चों के हाथों में मोबाइल देकर उनके भविष्य एवं आंखों से खिलवाड़ ना करें। बुलेटिन संपादक ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अध्यापकों को बच्चों को डांटने पर अधिक शिकायत नहीं करें, पढ़ाई पर बच्चों को पनिशमेंट देने पर अब अभिभावक शिकायत करने लगे हैं। यह आम बात हो गई है, इस कारण पढ़ाई का स्तर प्रभावित हुआ है। उन्होंने स्काईलैंड स्कूल प्रबंध समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में इतना सुंदर विद्यालय होना क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इससे पूर्व देहात के लोगों को मुजफ्फरनगर शिक्षा के लिए जाना पड़ता था।

कार्यक्रम को विधायक राजपाल बालियान,वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, चेयरमैन अकरम कुरैशी, हाजी शाहिद त्यागी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजपाल बालियान उपस्थित रहे। इससे पूर्व उपस्थित अतिथियों द्वारा गुब्बारों को उड़ाकर किया गया। आज नर्सरी से कक्षा २ तक के छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सैक रेस, फ्रॉग रेस, डक रेस, लेमन रेस, रिंग रेस, बॉल रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजयी बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के ६ सदन गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, कृष्णा, कावेरी आपस में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। स्काईलैंड स्कूल में आयोजित स्पोर्ट्स मीट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी, प्रमुख समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी, भाजपा नेता उमेश मित्तल, विनोद कुमार आरा मशीन वाले, वरिष्ठ पत्रकार विजय गोयल, पूर्व प्रधान हाजी मुरसलीन राईन, व्यापारी नेता मदन जैन, सभासद विशाल गर्ग, भाजपा नेता कपिल सैनी, युवा समाजसेवी तौहीद त्यागी, पत्रकार सचिन संगल, नंदकिशोर सैनी, राजेश गोयल, रविंद्र कुमार, भाग्य शर्मा, अनूप गोयल शामिल हुए। विद्यालय के संरक्षक प्रवीण गोयल, प्रबंधक राहुल गोयल एवं मनोज गोयल ने आभार ज्ञापित किया।

## शिखर शिक्षा सदन स्कूल में मेधावी छात्रों का अभिनंदन

**मीरापुर, 18 फरवरी (बु.)।** कस्बे की शिक्षण संस्था शिखर शिक्षा सदन में मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद चन्दन चौहान व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने विद्यालय प्रबंधन की ओर से बोर्ड परीक्षा व आईआईटी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। शिखर शिक्षा सदन में आयोजित अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद चंदन सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि डॉ. वीरपाल निर्वाल, विद्यालय के चेयरमैन सुशील शर्मा व निदेशक राजेश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षा 2023-24 में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं अंशु प्रजापति, महत्व कौशिक, यश धीमान, मिष्टी प्रजापति, तयम्मुन, फलक जेहरा व आईआईटी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अंशु प्रजापति और महत्व कौशिक को स्मृति चिन्ह और प्रमाण-पत्र व प्रोत्साहन राशि के रूप में 15,000 व 11,000 रुपये के चेक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान ने कहा कि "बच्चों की सफलता न केवल उनके माता-पिता, बल्कि पूरे समाज की गौरवान्वित करती है। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और लगन से पढ़ाई कर बच्चे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए टॉपर छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया।

## कोल्हू में आग लगने से हजारों की संपत्ति स्वाह

**बुढ़ाना, 18 फरवरी (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में खतौली रोड पर स्थित गन्ने के एक कोल्हू में आज मंगलवार की सुबह अचानक से आग लग गयी, जिसमें हजारों रुपये की पत्ती और खोई जलकर राख हो गयी। यह तो गनीमत रही कि आग पर आसपास के ग्रामीणों द्वारा काबू पा लिया गया, वरना कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान जहां काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा, वहीं दूसरी ओर आग लगने की घटना की सूचना पर तुरंत ही फायर ब्रिगेड कर्मी भी मौके पर आ गये थे। कोल्हू गांव अलीपुर अटेरना के छोटू नामक ग्रामीण का बताया गया है। आग कैसे लगी इसका पता नहीं लग पाया था।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**मीरापुर, 18 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव मुझेड़ा निवासी प्रवीण सोमवार देर रात अपनी साइकिल से मीरापुर से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही बाईपास के समीप पहुंचा, तो एक कार ने साइकिल पर सवार प्रवीण को टक्कर मार दी, जिससे प्रवीण दूर जाकर गिरा और घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार चालक अपनी कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और कार को कब्जे में ले लिया।

## गांव भूम्मा में पांच बीघा गन्ने की फसल जली

**मीरापुर, 18 फरवरी (बु.)।** गांव भूम्मा निवासी राजपाल व महकार की कृषि भूमि गांव राजपुर के जंगल में है। मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों से दोनों किसानों की गन्ने की फसल में आग लग गई, जिस कारण दोनों की पांच बीघा गन्ने की फसल जल गई। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है।

## एसपी देहात ने किया जानसठ कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण



**जानसठ, 18 फरवरी (बु.)।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल ने कोतवाली का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को सलामी दी गई। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। लम्बित विवेचनाओं के निष्पक्षता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला सम्बन्धी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित, वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी ली। सभी अधिकारियों को लम्बित विवेचनाओं के निष्पक्ष निस्तारण व आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए।

थानाक्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ व सट्टा की पूर्णतः रोकथाम करने, हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने और आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने के भी निर्देश दिए। उसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था के लिए संचालित मेस का निरीक्षण किया। उन्हें मैस की साफ सफाई संतोषजनक मिली। मेन्यू के अनुसार प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण भोजन देने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान सीओ यतेंद्र नागर कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा, सभी चौकी प्रभारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## जीडी गोयनका स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित



**मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बुस.)।** जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा नर्सरी से तीसरी कक्षा के छात्रों के लिए एक दंत चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन पारस डेंटल केयर द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य युवा छात्रों के बीच मौखिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था। योग्य दंत चिकित्सक डॉ. सलोनी जैन ने छात्रों के दाँतों की जाँच की और जाँच के द्वारा दन्त स्वच्छता का आंकलन कर दाँतों की सड़न के शुरूआती लक्षणों के बारे में अवगत कराया व स्वस्थ दाँतों को बनाये रखने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस शिविर द्वारा न केवल दंत समस्याओं की जल्द पहचान करने में मदद की गयी, बल्कि छात्रों और अभिभावकों दोनों को नियमित दंत चिकित्सा देखभाल के महत्व के बारे में भी शिक्षित किया। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित किये गए दन्त चिकत्सा शिविर को बखूबी सराहा और कहा कि भविष्य में इस प्रकार के शिविर आयोजित होते रहने चाहिए।



## तीन लोगों को बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**बुढ़ाना, 18 फरवरी (बु.)।** कस्बे में हो रही विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए बुढ़ाना नगर के विद्युत विभाग के जेई मनोज कुमार की ताबड़तोड़ कार्यवाही से तीन विद्युत चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है, जिसमें कार्यवाही करते हुए विद्युत टीम ने आज मंगलवार की अल सुबह लगभग 5:30 बजे के करीब बुढ़ाना तहसील के पीछे बस्ती में अभियान चलाया था, जिसमें विद्युत टीम द्वारा शाहवेज अहमद, दिलदारा और सहर अहमद के नाम प्रकाश में आये, जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। इस छापामार कार्यवाही से अन्य विद्युत चोरों में जबरदस्त हड़कंप मच गया। विद्युत जेई मनोज कुमार ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत बकायेदार अपनी सहूलियत से अपना बिल जमा कराकर विद्युत विभाग का डिफाल्टर होने से बच सकता है। ऐसे में बकायेदार इस माह फरवरी के अंत तक इस योजना का लाभ उठा सकता है। इसके बाद मार्च में किसी भी बकायेदार को बख्शा नहीं जाएगा। उसका कनैक्शन काटकर उसकी आरसी तहसील को भेजी जाएगी और उस पर नजर रखी जाएगी कि कहीं वह कनैक्शन कटने के बाद बिजली की चोरी तो नहीं कर रहा है।

## दबंगों ने पड़ोसियों पर किया ईंटों से पथराव, एक घायल



**बुढ़ाना, 18 फरवरी (बु.)।** दरांती दिखाने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। दबंगों ने युवक को घेरकर पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। युवक को बचाने आए उसके परिवार के सदस्यों को भी ईंटों का पथराव कर दबंगों ने भागने पर मजबूर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दबंग फरार हो गये। पुलिस ने घायल युवक को हस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना निवासी आमिर उर्फ छोटू पुत्र इरशाद खान आज मंगलवार की दोपहर घर के बाहर खड़ा था, तब पड़ोसी वसीम पुत्र सलीम खान उसको दरांती दिखाने लगा और बोला कि पिछली बार तो बच गये थे, अबकी बार नहीं बचोगे, तब आमिर ने वसीम की इस बात का विरोध किया, तो वसीम खान ने झगड़ा करने के उद्देश्य से अपने सगे भाई नसीम, शाहरुख और सोना पुत्रगण साबिर, मेहताब पुत्र शब्बीर, चांद पुत्र महताब और मुजक्किर उर्फ काला पुत्र अवालीन आदि को मौके पर बुला लिया और आमिर को पकड़कर पीट दिया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर आमिर को बचाने के लिए उसके परिजन आ गये, तो आरोपियों ने परिजनों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और ईंटों का पथराव कर सबको भागने पर मजबूर कर दिया। किसी की सूचना पर उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये। पुलिस ने घायल आमिर को निजी हस्पताल पहुंचाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

## यूपी में अप्रैल से पांच फीसदी बढ़ेगा एक्सप्रेसवे का टोल

**लखनऊ, 18 फरवरी (एजेंसी)।** प्रदेश में एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भरना नए वित्त वर्ष से महंगा होगा। आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का टोल शुल्क नए वित्त वर्ष 25-26 में फिर बढ़ेगा। शुल्क बढ़ाने के लिए यूपीडा सलाहकार कंपनी का चयन करेगा। माना जा रहा है कि कम से कम 5 फीसदी टोल शुल्क बढ़ सकता है। पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव से टोल शुल्क में मामूली वृद्धि की गई थी। उप्र. एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी (यूपीडा) द्वारा संचालित बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल शुल्क में खास वृद्धि नहीं की गई थी। तब अधिकांश बोझ भारी वाहनों पर डाला गया था। दो पहिया, तीन पहिया, कार जैसे हल्के वाहनों को इससे मुक्त रखा गया था। यूपीडा अब इन तीनों के अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के टोल शुल्क में भी वृद्धि की तैयारी कर रहा है। इस लिंक एक्सप्रेसवे को अप्रैल में वाहनों के लिए खोला जाएगा।

## ट्रैक्टर चालक ने बाइक में मारी टक्कर, सड़क हादसे में मां-पुत्र गंभीर



**बुढ़ाना, 18 फरवरी (बु.)।** एक सड़क हादसे में बाइक सवार मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गये। उनकी बाइक में अज्ञात ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर की टक्कर मारकर ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। दोनों घायलों को आते जाते राहगीरों की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस ने एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार विमलेश पत्नी ठाकुर चमन सिंह निवासी गांव सालवन जनपद करनाल हरियाणा प्रदेश आज मंगलवार की सुबह अपने गांव सालवन से अपने पुत्र रोहित सिंह के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने ननदोई ठाकुर सुरेंद्र सिंह निवासी गांव नगवा बुढ़ाना के यहां पर कुछ काम से आ रही थी, जब दोनों मां-बेटा बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव इटावा में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर केशव होटल के समीप आए, तो सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर की सीधी टक्कर मोटर साइकिल में मार दी और ट्रैक्टर सहित फरार होने में कामयाब हो गया। उधर ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर लगते ही मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर घिसटती चली गयी, जिसमें दोनों मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गये। आते-जाते राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने दोनों घायलों को हस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर विमलेश को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया।

## श्री हनुमान मेले का पूजन व भंडारा के बाद हुआ समापन



**बुढ़ाना, 18 फरवरी (बु.)।** खेड़ा मस्तान गांव में चार दिवसीय श्री हनुमान मेले का पूजा, अर्चना, भंडारा और प्रसाद के बाद आज मंगलवार की देर शाम समापन हो गया। यहां पर श्री हनुमान जी की आरती के बाद मंगलवार को श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। पूजा व आरती के दौरान ग्रामीण व बाहर से आए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर कमेटी खेड़ा मस्तान द्वारा भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद का आनंद लिया। भंडारा प्रसाद के बाद मेले का समापन हो गया। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से सोमपाल मलिक, अखिलेश कुमार, अनुज रोहिल्ला मस्ताना, मोहित कुमार, देवेंद्र मलिक और राजीव मलिक आदि सहित मंदिर कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक :- 735 / E-Tender/P.W.D./NPP/2024-25 — दिनांक:- 18/02/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2024-25 में नवीनीकृत / किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि आई.जी.एल. द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाये जाने में विभिन्न स्थानों पर किये गए गड्ढों को भरने हेतु 4 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 25/02/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 19/02/2025 की प्रातः 10:00 से दिनांक 25/02/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 25-02-2025 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य पालिका निधि की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वेबसाइट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

| सहायक अभियंता (निर्माण) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर । | नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर । | नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर । |

## सूचना

मैं, साक्षी पत्नी आशीष देशवाल निवासी- 428, नुमाइश कैम्प, मुजफ्फरनगर ने अपना नाम साक्षी से बदलकर साक्षी देशवाल कर लिया है। अब मुझे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए साक्षी देशवाल के नाम से जाना जाएगा।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा लड़का तसव्वुर व उसकी पत्नी गजाला मेरे व मेरे परिवार के बिल्कुल कहने-सुनने में नहीं है और मैंने इन्हें काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ये कोई बात समझने को तैयार नहीं हैं। मैं अपने पुत्र तसव्वुर व गजाला से अपने व अपने परिवार के सभी सदस्यों के सम्बंध विच्छेद करता हूँ अब मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। इनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य या लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वे अपने द्वारा किये गए कृत्यों व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा इन्हें मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ

इसराईल पुत्र इब्राहिम
निवासी-ग्राम खुड्डा, थाना-छपार, जनपद-मुजफ्फरनगर

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-2736/08.03.2019 तथा दूसरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-6315/18.06.2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्रों का नाम क्रमशः दक्ष सैनी व ईशान सैनी अंकित नहीं कराया गया था। दोनों पुत्रों के वास्तविक नाम यही हैं और भविष्य में भी इन्हीं नामों से जाने जायेंगे। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

अंकुर कुमार
ग्राम -जौहरा, थाना-मंसूरपुर
जनपद-मुजफ्फरनगर
मो. 9536665456




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा


**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## मोदी और कतर के अमीर तमीम

राष्ट्रपति भवन में कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमन्त्री मोदी ने कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल-थानी का स्वागत किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कतर अमीर ने सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से भी मुलाकात की। अमीर अल-थानी और पीएम मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, मनसुख मंडाविया और पीके मिश्रा भी इस बैठक का हिस्सा थे। दोनों पक्षों ने व्यापार, प्रौद्योगिकी और निवेश में कई समझौता ज्ञापनों का भी आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया गया। अमीर अल-थानी 17 फरवरी को भारत पहुंचे थे। पीएम मोदी स्वयं प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें रिसीव करने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद थे। कतर अमीर अल-थानी की इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करना है। साल 2024 के अंत में विदेश मंत्री एस जयशंकर कतर पहुंचे थे। यहां उन्होंने कतर के प्रधानमन्त्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की थी। यह एक साल में उनकी चौथी कतर यात्रा थी। केंद्रीय मन्त्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की बड़ी संभावनाएं हैं। अमेरिका में ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यूरोप से लेकर मिडिल ईस्ट तक में अनिश्चितता का माहौल है। ट्रम्प कब, कौन से फैसले करेंगे इसका किसी को अंदाजा नहीं है। ट्रम्प अपने पिछले कार्यकाल में ईरान के मामले में काफी सख्त थे। इस बार भी वे ईरान पर नए प्रतिबंध लगा सकते हैं। ऐसे में अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत, कतर को एक सुरक्षित विकल्प के तौर पर देख रहा है। कतर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी सप्लायर है। भारत की आवश्यकता का 50 प्रतिशत एलएनजी कतर ही से आता है। इसके अलावा कतर, भारत की आवश्यकता का 30 प्रतिशत एलपीजी उपलब्ध कराता है। कतर चैंबर ऑफ कॉमर्स के मुताबिक कतर में 15 हजार के करीब भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं। कतर में लगभग 8 लाख 35 हजार भारतीय नागरिक हैं, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग, एजुकेशन, फाइनेंस और लेबर जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं। इस बात का खूब चर्चा है कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी स्वयं उनकी अगवानी करने दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे। ऐसा बहुत कम मौकों पर होता है, जब पीएम मोदी किसी मेहमान के स्वागत के लिए एयरपोर्ट जाते हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और कतर के बीच संबंध ऐतिहासिक भी हैं और संभावनाओं से भरे हुए हैं। प्रधानमन्त्री ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी का एयरपोर्ट पर स्वागत करके मित्रता और भाईचारे का संदेश दिया है, मैं समझता हूं कि उसी में पूरी कहानी स्पष्ट हो जाती है। भारत और कतर के बीच बीते 15-20 वर्षों में ऊर्जा संसाधनों से संबंधित व्यापार बढ़ता रहा, अब दोनों देश नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर और विश्व में बदलते हुए परिप्रेक्ष्य के अनुसार अपने संबंध बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में व्यापार और निवेश दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने में वृद्धि होने की संभावना मुझे दिखती है। तमीम बिन अल-थानी ने कतर की सेना में भी अपनी सेवाएं दीं हैं। उन्हें 2003 में क्राउन प्रिंस नियुक्त किया गया। इसके बाद 2009 में उन्हें सेना में डिप्टी कमांडर इन चीफ का पद मिला। तमीम खेलों में गहरी रुचि रखते हैं। 2006 में कतर में आयोजित एशियन गेम्स के सफल आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस आयोजन ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। उनकी नेतृत्व क्षमता का एक और उदाहरण 2022 फीफा वर्ल्ड कप का कतर में सफल आयोजन रहा। तमीम बिन अल-थानी, 44 वर्ष की आयु में, कतर के सबसे युवा अमीर होने के साथ-साथ विश्व के सबसे युवा राष्ट्राध्यक्षों में से एक हैं। उनके शासनकाल में कतर ने खेल और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निबाही है, लेकिन साथ ही क्षेत्रीय राजनीति में भी कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कतर के आर्थिक और राजनीतिक भविष्य के लिए तमीम की नेतृत्व क्षमता महत्वपूर्ण होगी। जून 2013 में उनके पिता शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी ने स्वेच्छा से अमीर का पद त्याग दिया और तमीम को कतर का नया अमीर बनाया गया। यह शक्ति परिवर्तन अपेक्षित था, लेकिन उस समय अरब देशों के नेताओं द्वारा जीवन भर पद पर बने रहने की परंपरा के विपरीत था। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव था। तमीम के शासनकाल की शुरूआत ही में कुछ पड़ोसी देशों के साथ कतर के रिश्तों में खटास आ गई थी, 2014 में कुछ पड़ोसी देशों ने कतर से अपने राजदूत वापस बुला लिए। स्थिति तब और बिगड़ गई, जब 2017 में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और बहरीन ने कतर के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए और आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि अल-थानी प्रधानमन्त्री मोदी के आमंत्रण पर भारत दौरे पर आए हैं। कल पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे भाई कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल-थानी के स्वागत के लिए एयरपोर्ट गया था। आशा करता हूं कि उनकी भारत यात्रा सफल रहेगी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल-थानी भारत यात्रा पर आए हैं। मुझे भरोसा है कि प्रधानमन्त्री मोदी से होने वाली उनकी मुलाकात दोनों देशों की दोस्ती को और मजबूत करेगी। भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ संबंध रहे हैं। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते 70 के दशक में शुरू हुए थे। कतर ने भारत में अपने दूतावास के लिए जनवरी 1973 में पहले चार्ज द अफेयर्स की नियुक्ति की थी। मई 1974 में कतर ने अपना पहला राजदूत भारत में नियुक्त किया था। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 14-15 फरवरी, 2024 को कतर की आधिकारिक यात्रा की थी। कतर में ये उनकी दूसरी आधिकारिक यात्रा थी। इससे पहले अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल-थानी के निमंत्रण पर पीएम मोदी 4-5 जून, 2016 को कतर के दौरे पर गए थे। 2023-24 में कतर के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 14.08 अरब अमेरिकी डॉलर था। इस अवधि में कतर को भारत का निर्यात 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'लता' 'पुष्प' 'झाड़' 'मिट्टी'

हर लता पर पुष्प हो ये कुछ जरूरी तो नहीं,
झाड़ का भी आजकल सम्मान करना सीखिये।
ये बदन मिट्टी सही, मिट्टी का सदउपयोग हो,
अपने कर्मों से इसे गुलदान करना सीखिये।

# मीरापुर में जागृत किये गए मंदिर में पूजा करने जाने वालों को छेड़ा तो अंजाम भुगतने को तैयार रहे मुस्लिम समाज : यशवीर महाराज

**- महाशिवरात्रि पर मंदिर में होगा जलाभिषेक का बड़ा आयोजन**
**- मीरापुर में हिन्दू समाज के लोगों के साथ बैठक कर यशवीर महाराज ने की घोषणा**

### इन लोगों को किया गया कमेटी में शामिल

मीरापुर, 18 फरवरी (बु.)। मीरापुर के मनकेश्वर शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए बनाई गई कमेटी में स्वामी यशवीर महाराज को संरक्षक, पं. मूलचन्द शर्मा को अध्यक्ष, मधु शर्मा व पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी को उपाध्यक्ष, विकास चौधरी की मंत्री व सोनू कश्यप, कृष्ण खटीक व वैध प्रधुम्न शर्मा को उपमंत्री तथा नितिन गोयल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इनके अतिरिक्त करीब 22 लोगों को सदस्य नियुक्त किया गया तथा रमन शर्मा व पं. सुरेश शर्मा को पुजारी नियुक्त किया गया।

### मंदिर का नामकरण किया

मीरापुर, 18 फरवरी (बु.)। बैठक के दौरान उक्त 600 वर्ष पुराने मंदिर का नया नाम रखने पर चर्चा हुई तथा बैठक में ही मौखिक रूप से मंदिर का नामकरण हुआ तथा उक्त प्राचीन मंदिर का नाम मनकेश्वर शिव मंदिर रखा गया। अब उक्त मंदिर को इसी नाम से जाना जाएगा।



मीरापुर, 18 फरवरी (बु.)। मीरापुर में 13 फरवरी को शुद्धिकरण कर जागृत किये गए 600 वर्ष पुराने मनकेश्वर मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए आयोजित बैठक में स्वामी यशवीर महाराज ने महाशिवरात्रि पर मंदिर में विशाल स्तर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किए जाने तथा प्रत्येक मंगलवार की शाम हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने व प्रत्येक दिन सुबह शाम मंदिर में पूजा किए जाने की घोषणा की। इस दौरान यशवीर महाराज ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि मंदिर में पूजा करने जाने वाले किसी भी व्यक्ति को छेड़ा गया, तो मुस्लिम समाज अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। मंगलवार को बघरा योग साधना केन्द्र के स्वामी यशवीर महाराज, आचार्य मृगेंद्र के साथ दोपहर में करीब सवा बारह बजे मीरापुर के सत्संग भवन पहुँचे तथा यहाँ 13 फरवरी को शुद्धिकरण कर जागृत किये गए 600 वर्ष पुराने मनकेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए हिन्दू समाज के लोगों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में सर्वप्रथम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए सुझाव लिए गए तथा इसके बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे स्वामी यशवीर महाराज के सरंक्षण में मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए कमेटी का गठन किया गया तथा प्रतिदिन पूजा करने के लिए दो पुजारी नियुक्त किये गए। बैठक में स्वामी यशवीर महाराज ने हिन्दू समाज के समक्ष घोषणा करते हुए कहा कि आने वाली महाशिवरात्रि पर मनकेश्वर मन्दिर में विशाल स्तर पर हिन्दू समाज के लोग एकत्र होंगे और यहाँ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। बैठक में घोषणा की गई कि मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा की जाएगी, जिसके लिए दो पुजारियों को नियुक्त किया गया और प्रत्येक मंगलवार की शाम को मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ होगा। इस दौरान स्वामी यशवीर महाराज ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि मुस्लिम समाज के लोग मन्दिर में पूजा करने जाने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ कोई अभद्र व्यवहार न करें अन्यथा वह सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लोगों के साथ मुस्लिमों का उनके घरों में ही घेराव करेंगे। यशवीर महाराज ने कहा कि जिन लोगों ने मंदिर की भूमि कब्जाई हुई है, उसकी जांच कराकर भूमि को कब्जामुक्त कराया जायेगा। यदि प्रशासन ऐसा नहीं करता, तो विशाल आंदोलन किया जायेगा। बैठक में स्वामी यशवीर महाराज ने पुनः ब्राह्मण परिवार के बच्चों के हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग दोहराई। बैठक में मुख्यरूप से पं. मूलचन्द शर्मा, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, मधु शर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा, वैध प्रधुम्न शर्मा, इन्दर सिंह कश्यप, विकास कौशिक, अभिषेक गर्ग, मोनू ठाकुर, सोनू कश्यप, मोनू शर्मा, कृष्ण खटीक, लाला ब्रजभूषण अग्रवाल, रमन शर्मा, नितिन गोयल आदि मौजूद रहें।

## हस्तिनापुर जैन मंदिर चोरी मामले में सड़कों पर जैन समाज

**- दोषियों की गिरफ्तारी के साथ मूर्ति बरामदगी की उठाई मांग**



मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)। सकल जैन युवा संगठन, मुजफ्फरनगर इकाई ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में हस्तिनापुर में कैलाश पर्वत स्थित जैन मंदिर से मूर्ति और कीमती सामान की चोरी का खुलासा न होने पर विरोध दर्ज कराते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम कार्यालय पहुंचे जैन समाज के लोगों ने सरकार से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कराए जाने के साथ धार्मिक तीर्थ की पवित्रता बनाए रखने के लिए सार्थक कदम उठाए जाने की मांग की। सकल जैन युवा संगठन ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम डीएम के माध्यम से सौंपे मांग पत्र में बताया कि जैन समाज की आस्था के केंद्र एवं प्रसिद्ध तीर्थ हस्तिनापुर में कैलाश पर्वत पर स्थित जैन मंदिर से 2 अष्टधातु की मूर्तियां, सोने-चांदी के छत्र, सिंहासन व अन्य कीमती सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया, जिसमें अभी तक स्थानीय जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा उक्त घटना का खुलासा नहीं किया गया न ही कोई गिरफ्तारी की गई और न ही उक्त मूर्तियों व सामान की बरामदगी की जाए जिससे जैन समाज में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जैन समाज के तीर्थ के संरक्षण की जिम्मेदारी यूपी सरकार की है। ऐसे हालातों के बीच इस तरह की घटना होने से और उसका तत्काल खुलासा न होने से जैन समाज अपने आप एवं अपने तीर्थों को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सकल जैन युवा संगठन ने सरकार से मांग की कि हस्तिनापुर मंदिर में हुई चोरी का खुलासा कराकर चोरों को गिरफ्तार कराया जाए। वहीं जैन समाज की आस्था से जुड़ी मंदिर से चोरी हुई मूर्तियां व सामान की तत्काल बरामदगी कराने के साथ ही चोरी में लिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कराकर उन पर रासुका लगवाई जाए। वहीं जैन धर्म के तीर्थ के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा उचित व्यवस्था कराई जाए। इस दौरान संजय जैन, प्रवीण जैन चीनू, अमित जैन, शुभम जैन, निपुण जैन, हिमांशु जैन, संजीव जैन, मनीष, आशीष, अर्पित व आयुष जैन आदि मौजूद रहे।

## साप्ताहिक बंदी मुद्दे पर डीएम से मिलेगा अब व्यापार मंडल

**- अधिनियम में दिए संशोधन का लाभ उठाने की व्यापारियों से की अपील**

मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने उत्तर प्रदेश दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में कुछ संशोधनों के आधार पर व्यापारियों को कुछ शर्तों के साथ शुल्क जमा करने पर साप्ताहिक बंदी में दुकान खोले जाने पर किसी प्रकार का जुर्माना आदि की कार्रवाई नहीं होने की बात की है। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने इसके लिए व्यापारियों को असुविधा से बचने की खातिर सरकार द्वारा बनाए कानून के तहत साप्ताहिक बंदी से छूट मिलने की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को निवेश मित्र पोर्टल पर अपने अधिष्ठान की स्थिति के हिसाब से ऑप्शन चयन कर पंजीयन करना होगां7 पंजीयन के बाद निर्धारित धनराशि जमा करने के बाद उन्हें मिलने वाले प्रमाण पत्र के आधार पर साप्ताहिक बंदी के दिन अधिष्ठान खोल सकेंगे। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने बताया कि व्यापार मंडल की मांग पर सरकार द्वारा लागू किए निर्णय के आधार पर निर्धारित शुल्क का 1.5 गुना शुल्क जमा करते हुए साप्ताहिक बंदी से भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि अब किसी व्यापारी को पंजीयन के लिए कार्यालय आने की जरुरत नहीं। उन्होंने बताया कि मामले में जिलाधिकारी के साथ सहायक श्रमायुक्त से वार्ता करते हुए बंदी से जुड़े पूरे तथ्य सामने लाने की मांग की जाएगी, ताकि व्यापारियों को परेशानी से बचाया जा सके।

आवश्यकता है
प्रशिक्षित महिला
नर्सिंग स्टाफ दिन/रात,
जो डिलीवरी भी करा सके व
पुरुष स्टाफ
की भी आवश्यकता है
-: सम्पर्क करें :-
11:00 बजे से 3:00 बजे तक
डॉ. विनीता सिंघल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुनील सिंघल
शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
संजीवनी हॉस्पिटल
द्वारिकापुरी, मेन रोड, मुजफ्फरनगर।
मो. : 9411620400

## फेडरेशन भवन में विभिन्न मुद्दों को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ विचार मंथन



मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)। मंगलवार को फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के फेडरेशन भवन पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ जिसमें फेडरेशन के अध्यक्ष अंकित संगल मुख्य अतिथि व पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष नील कमल पुरी गैस्ट ऑफ ऑनर रहे। इसके साथ ही यूनियन बैंक से क्षेत्रीय प्रमुख राजीव रंजन व उपक्षेत्रीय प्रमुख योगेश सिंह एवं अश्वनी कुमार शर्मा, बिजनेस हैड एनएसआईसी देहरादून उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष नीलकमल पुरी, पूर्व अध्यक्ष अंकुर गर्ग, पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व सचिव मनीष अग्रवाल, सचिव अभिनव स्वरूप, यूनियन बैंक के एमएलपी प्रमुख अनुज शर्मा, यूएमएफबी शाखा प्रमुख पवन शर्मा, आरएलपी प्रमुख मौ. आबिद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। यूनियन बैंक की ओर से अंकिता शर्मा ने विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जिसमें एमएसएमई से जुड़े उद्योगों को अधिकतम लिमिट 50 करोड़ रुपए क्रेडिट सुविधा, 5 करोड़ रुपए तक के ऋण पर मिलने वाले कोलेट्रल सिक्योरिटी में रिलेक्सेशन के बारे में विस्तार से बताया। पवन शर्मा ने लागू प्रोसेसिंग शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट आदि से अवगत कराया। एनएसआईसी बिजनेस हैड अश्वनी शर्मा ने एमएसएम की योजनाओं के बारे में बताया। बैठक में मुख्य रूप से अरविन्द गुप्ता कोषाध्यक्ष, श्रेय जैन सह सचिव, योगेश कुमार, सुशील त्यागी, आशीष तायल, राज शाह सुनील कुमार गोयल, दीपक मित्तल, अर्पित गोयल, विवेक गोयल, अमित वर्मा, उमंग वशिष्ठ, सागर वत्स, अरूण खोसला, लोकेश तायल आशीष बराल, शाह नजर, सन्नी आदि अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।



## कन्या भ्रूण हत्या अपराध है पर कार्यशाला आयोजित

मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)। कन्या भ्रूण हत्या अपराध है, पर पीसीपीएनडीटी एक्ट-1994 पर आयोजित कार्यशाला में भावी पीढ़ी के साथ लोगों को जागरुक किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत संपन्न कार्यक्रम में 22 जनवरी से 08 मार्च तक विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को एएनएम प्रशिक्षण केंद्र ब्लॉक सदर में पीसीपीएनडीटी एक्ट पर संपन्न कार्यशाला में एएनएम प्रथम व द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया। कार्यशाला में उपस्थित एएनएम प्रथम व द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षणार्थियों को नोडल अधिकारी डॉ. प्रशान्त कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ. राजीव कुमार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 साल बेमिसाल के विषय में कार्यशाला में प्रतिभागियों को जानकारी दी। पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 पर तहत आयोजित प्रश्नोत्तरी में सफल प्रतिभागियों सुधा, शशि मिश्रा, इंदलेश, स्वाति, काव्या शर्मा, रचना पाठक, भूमिका, दिव्या यादव एवं स्वाति को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यशाला में सरिता, सोनी, मोहित कुमार, सारिका एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसके लिये जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

## चोरी के शक में युवक की पिटाई का वीडियो हुआ वायरल



बुढ़ाना, 18 फरवरी (बु.)। चोरी किए जाने के शक में भीड़ द्वारा एक युवक की घेरकर सरेआम पिटाई की गयी। दो आरोपी युवक को पीट रहे हैं, लेकिन भीड़ तमाशबीन बनी हुई है। इस घटना का किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद अब बुढ़ाना पुलिस आरोपी युवकों की तलाश में लग गयी है। मिली जानकारी के अनुसार आज मंगलवार के दिन सोशल मीडिया पर एक मिनट 40 सैकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दो युवकों ने भरी भीड़ मे एक युवक को अर्द्धनग्न किया हुआ है। वे उसको पकड़कर कुछ पूछ रहे हैं और उसकी लात घूसों से नीचे सड़क पर डालकर पिटाई कर रहे हैं। एक आरोपी तो खूंखार सा दिख रहा है, शायद वो इस युवक को जान से ही मार डालेगा। भीड़ में शामिल अन्य कोई भी व्यक्ति इस अर्धनग्न युवक को बचाने को तैयार नहीं। भीड़ में शामिल दोनों आरोपियों के मुताबिक उक्त युवक ने चोरी की किसी घटना को अंजाम दिया है। यह वीडियो बुढ़ाना कस्बे के चौधरी चरण सिंह तिराहे का बताया जा रहा है। युवक ने किसके यहां चोरी की घटना को कब अंजाम दिया, यह पता नहीं लग पाया है। उधर उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बुढ़ाना पुलिस भी आरोपी युवकों की तलाश में लग गयी हैं।

### किशोर ने चारपाई पर लगाई अवैध हथियारों की दुकान

मेरठ, 18 फरवरी (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर सात तमंचे और एक पिस्टल के साथ युवक का फोटो वायरल हो रहा है। वायरल फोटो में चारपाई पर बैठा नाबालिग हाथ में पिस्टल लिए हुए है। 7 तमंचे उसके आगे गोद में और आगे रखे हुए हैं। जांच पड़ताल में फोटो गंगानगर क्षेत्र के सलारपुर गांव का होना सामने आया है। फोटो को एक गाने के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टेटस पर लगाया गया है। डिफाल्टर अंडर स्कोर शाबाज अंडर स्कोर 001 पर फोटो अपलोड किया गया। वायरल वीडियो में तमंचे के साथ बैठे नाबालिग के चेहरे को इमोजी से छुपाया गया है। इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि जांच में आरोपी सलारपुर गांव रहने वाला सामने आया है। फोटो यहीं खींचा है या कहीं और, ये जांच की जा रही है। आरोपी के घर-परिवार का भी पता चल गया है। उसके परिजनों से पूछताछ की जा रही है, जबकि आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी है। घटना में मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

## साप्ताहिक बंदी के बीच परखी चेयरपर्सन ने सफाई व्यवस्था

**- नालियों पर लोहे के जाल की अपील, सुधरेगी नालों की दशा**



मुजफ्फरनगर, 18 फरवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप क्षेत्र में सफाई, विकास व जलापूर्ति सहित अन्य कार्यों को सुचारू रखने के लिए लगातार प्रयासरत रही हैं। इस बीच उन्होंने नई मंडी से शहर के शिवचौक तक सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सफाई नायक को संवेदनशील होकर जिम्मेदारी के साथ में कार्य करने के निर्देश दिये। इसके बाद नगरीय क्षेत्र में साप्ताहिक बंदी के कारण नाला गैंग के सहारे नाला-नाली सफाई अभियान को परखा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने निरीक्षण करने के बाद बताया कि मंगलवार को वार्ड 36, 47 और 49 में सफाई कार्यों का जायजा लिया। टिकैत चौक, जानसठ रोड, नई मंडी, शिव चौक से हनुमान चौक तक भगत सिंह रोड पर नाला गैंग के सहारे नाली व नाला सफाई कार्य को परखा। व्यापारियों से दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करने और नाले-नालियों पर सीसी स्लैब के बजाए लोहे के खुलने वाले जाल लगवाने की अपील की, ताकि सफाई कार्य और जल निकासी में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने व्यापारियों से सीधा संवाद करते हुए कूड़ा करकट एकत्र करने के लिए दुकानों में डस्टबिन रखने व नालियों में कूड़ा न फेंकने की अपील की। रविवार को मंडी और मंगलवार को शहरी क्षेत्र में बाजार बंद रहते हैं, इसी कारण भगत सिंह रोड पर नालियों की सफाई कराई। कई जगह पर दुकानों के बाहर नालियों को सीसी स्लैब से कवर्ड किया था, जहां सफाई में दिक्कत आ रही है। यह अभियान निरंतर जारी रखा जायेगा। इसमें सभी को सहयोग के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान सभासद रजत धीमान, विवेक गर्ग, सुमित पाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जूही चावला ने संगम में लगाई डुबकी




प्रयागराज, 18 फरवरी (एजेंसी)। जूही चावला ने प्रयागराज में महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और इसे अपनी जिंदगी का सबसे खूबसूरत अनुभव बताया। उन्होंने शानदार व्यवस्थाओं के लिए पुलिस और अधिकारियों की तारीफ की। विवेक ओबेरॉय भी परिवार के साथ महाकुंभ में पहुंचे थे और उन्होंने भी प्रशासन की सराहना की। जूही चावला ने मंगलवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। जूही ने इसे अपने जीवन का सबसे खूबसूरत अनुभव बताया। जूही अब उन सितारों में शमिल हो चुकी हैं जो महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं। जूही चावला ने इस पवित्र स्नान के बाद मीडिया से बातें कीं और दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक कार्यक्रम में शानदार व्यवस्था के लिए पुलिस और अधिकारियों की तारीफ की। प्रयागराज वाले अपने उन अनुभवों पर बातें करते हुए, जूही चावला बेहद खुश दिख रही थीं। जूही ने कहा, 'मैं अभी सबसे कह रही थी कि मेरी जिंदगी की सबसे खूबसूरत सुबह आज थी। आज हम यहां प्रयागराज में महाकुंभ में आए, सुबह 7 साढ़े 7 बजे सूरज उग रहा था, ठंडी-ठंडी धूप थी और सुंदर पानी, इतने लोग और इतनी श्रद्धा के साथ।।हम भी स्नान करने गएस शीतल पानी, इतना मजा आया कि वहां से हटने का मन नहीं हो रहा था। मन हो रहा था वहीं रह जाऊं। बहुत-बहुत खूबसूरत, आप सबका धन्यवाद। पुलिस, आप सबका जिन्होंने यहां पर इतनी अच्छी व्यवस्था कर रखी है, बहुत-बहुत धन्यवाद।' बता दें कि इससे पहले विवेक ओबेरॉय भी अपने परिवार के साथ प्रयागराज पहुंचे थे जहां महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान किया। ओबेरॉय ने भी महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया।

## शाहपुर क्षेत्र की भूल भुलैया पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान

**- सदियों बाद भी रहस्य बना हुआ है इतिहास**

शाहपुर, 18 फरवरी (बु.)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के ताकतवर नेता डॉ. संजीव बालियान ने आज शाहपुर क्षेत्र के गांव पलड़ा के जंगल में स्थित सदियों पुरानी भूल भुलैया का निरीक्षण किया। डॉ. संजीव बालियान ने जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी से भूल भुलैया के इतिहास के बारे में जानकारी ली। हालांकि सैकड़ों वर्ष पुरानी इमारत का निर्माण किसने कराया, यह अभी भी यक्ष प्रश्न बना हुआ है। पींजेट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं इतिहासविद तथा प्रमुख किसान नेता अशोक बालियान ने भी इस भूल भुलैया का इतिहास जानने की कोशिश की थी। एक प्राचीन किताब में इसका उल्लेख भी मिला, लेकिन पुष्टि नहीं हो पाई। कुल मिलाकर यह पुरातत्व विभाग के स्तर का मामला है। इस इमारत को संजोकर रखने के लिए इसका इतिहास सामने आना जरूरी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भी इसी जिज्ञासा से आज इसका दौरा किया। हालांकि वह अपने पैतृक गांव बचपन से ही इसी रास्ते से आते जाते रहे हैं तथा मंत्री बनने के बाद भी उनका आवागमन पिछले 11 साल इधर से होता रहा है। डॉ. संजीव बालियान अब इसका इतिहास जानने के इच्छुक हैं तथा निकट भविष्य में सरकार के माध्यम से इसे ऐतिहासिक धरोहर के रूप में स्थापित करने की मंशा भी रखते हैं। आज का दौरा उनके इसी संदर्भ से जोड़कर देखा जा रहा है।



## महाकुंभ को लेकर ममता बनर्जी ने दिया विवादित बयान, बोलीं- 'ये मृत्यु कुंभ है'




कोलकाता, 18 फरवरी (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताया है। ममता बनर्जी ने कहा कि ये अब महाकुंभ नहीं रहा, मृत्यु कुंभ हो गया है। ममता बनर्जी ने विधानसभा में बोलते हुए सरकार पर महाकुंभ में कोई इंतजाम नहीं करने का आरोप लगाया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ को लेकर कहा कि ये अब महाकुंभ नहीं रहा। मृत्युकुंभ हो गया है। महाकुंभ के प्रति पूरा सम्मान, श्रृद्धा है। पवित्र मां गंगा के प्रति पूरा सम्मान है लेकिन इन्होंने क्या किया। कोई प्लानिंग नहीं की, सिर्फ हाईप क्रिएट की, कितने लोगों की मौत हो गई है। ममता बनर्जी ने कहा कि वो महाकुंभ और मां गंगा का सम्मान करती हैं लेकिन हकीकत ये है कि सरकार ने कुंभ के लिए कोई इंतजाम नहीं किए। इसलिए इतने लोगों की मौत हुई। ममता बनर्जी ने कहा कि अमीरों के लिए स्पेशल कैम्प बनाए गए हैं, उनका किराया एक लाख रुपए रोजाना का है लेकिन गरीबों के लिए कोई व्यवस्था नहीं। ममता ने कहा कि इस तरह के मेलों में भगदड़ की आशंका हमेशा रहती है लेकिन इस बार सरकार ने कोई इंतजाम नहीं किए। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भव्य महाकुंभ का आयोजन जारी है। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के मुताबिक, सोमवार 17 फरवरी तक 54।31 करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान कर लिया है।

## सुप्रीम कोर्ट से रणवीर अल्लाहबादिया को फटकार के बाद मिली राहत

नई दिल्ली, 18 फरवरी (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर अल्लाहबादिया को अश्लील कमेंट मामले में कड़ी फटकार लगाई है और अपना पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए कहा है। कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए मामले में दर्ज मुंबई, असम और जयपुर की ऋफ़के विरोध में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने साफ-साफ कहा है कि रणवीर अल्लाहबादिया ने जो भी कहा, वह निहायत ही शर्मनाक है। कोर्ट ने यह शर्त भी रखी कि रणवीर या उनके सहयोगी आगे सुनवाई पूरी होने तक कोई शो नहीं करेंगे। साथ ही कोर्ट की इजाजत के बिना देश छोड़कर नहीं जाएंगे। यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया की तरफ से वकील डॉ. अभिनव चंद्रचूड़ ने कोर्ट में जिरह की। डॉ. चंद्रचूड़ पूर्व उखकडीवाई चंद्रचूड़ के बेटे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह की बेंच के समक्ष यूट्यूबर ने याचिका दाखिल की थी, और अलग-अलग राज्यों में दर्ज मामले की एक साथ क्लब करने की अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले में पांच निर्देश जारी किये, जिनमें कहा गया है कि इंडियाज गॉट लेटेंट शो के आधार पर याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी, जो एफआईआर का कारण था। जांच में शामिल होने में बाधा डालने वाले किसी भी खतरे के मामले में याचिकाकर्ता को जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए महाराष्ट्र और असम की स्थानीय पुलिस से संपर्क करने की आजादी होगी।

## गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत

अहमदाबाद, 18 फरवरी (एजेंसी)। गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने फिर से अपना परचम लहरा दिया है। पार्टी ने 68 नगरपालिका में से 60 पर प्रचंड जीत दर्ज की है। वहीं, कांग्रेस को केवल एक सीट से संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से 15 नगरपालिका छीन ली हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी को दो नगरपालिकाओं में जीत मिली है। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव पहली बार ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण लागू होने के बाद हुए हैं। राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए 16 फरवरी को मतदान हुआ था। मंगलवार को मतगणना के बाद भाजपा 60 नगरपालिकाओं और तीन तालुका पंचायतों में स्पष्ट विजेता बनकर उभरी। कांग्रेस केवल देवभूमि द्वारका जिले की सलाया नगरपालिका सीट जीतने में कामयाब रही। वहीं, अन्य के खाते में 4 सीटें आई हैं। जूनागढ़ नगर निगम चुनाव में भाजपा ने 44 सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस को 11 सीटें मिली हैं। तालुका पंचायत में भाजपा ने 55 सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों को 6 सीटों पर सफलता मिली। गुजरात में रविवार को जूनागढ़ नगर निगम, 66 नगर पालिकाओं और तीन तालुका पंचायतों में मतदान हुआ था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्वाचन क्षेत्र गांधीनगर की मनसा नगर पालिका में भी भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया है। यहां 20 में से 19 सीटों पर भाजपा और और एक सीट पर कांग्रेस को जीत मिली है। भाजपा को 1403 सीटें, कांग्रेस को 260, समाजवादी पार्टी को 34, आम आदमी पार्टी को 28, बहुजन समाज पार्टी को बसपा को 19 और निर्दलीयों को 151 सीटों पर जीत मिली है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, जूनागढ़ नगर निगम चुनाव में 44.32 फीसदी मतदान हुआ। नगर पालिकाओं के चुनाव में 61.65 फीसदी, जबकि तालुका चुनावों में 65.07 फीसदी मत पड़े। स्थानीय निकायों की 213 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया, क्योंकि इन सीटों पर कांग्रेस और अन्य दलों के हटने के बाद केवल भाजपा के उम्मीदवार ही मैदान में रह गए थे। इनमें जूनागढ़ निगम की आठ सीटें भी शामिल हैं।

